भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2217

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

उपरिपुल/अधोगामी मार्ग का निर्माण

2217. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार जानकारी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर फतेहपुर के निकट हरसावा बड़ा, राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर फतेहपुर के निकट रोलसाहबसर और राष्ट्रीय राजमार्ग-65 पर रामगढ़ शेखावाटी के निकट फदनपुरा जैसे गांवों में इन राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों ओर आबादी बसी हुई है और इन राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों ओर स्कूल, अन्य शैक्षणिक संस्थान और किसानों के खेत भी स्थित हैं;

(ख) क्या इन गांवों के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को अपने खेतों और स्कूलों तक पहुंचने के लिए प्रतिदिन राजमार्गों को पार करना पड़ता है जिससे गंभीर असुविधा होती है और इसके कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानों पर उपरिपुलों या अधोगामी मार्गों का निर्माण करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त निर्माण कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) - 52 पर रामगढ़ शेखावती के पास 89+940 किमी और 93+640 किमी पर फ्लाईओवर और 92+040 किमी पर मवेशी अंडरपास और फदनपुरा शहर के पास खोतिया गांव में 100+340 किमी पर हल्के वाहन अंडरपास (एलवीयूपी) के निर्माण का कार्य शुरू किया है। फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण का कार्य जनवरी, 2027 में पूरा करने के लक्ष्य के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है।

इसके अलावा, एनएच - 11 पर फतेहपुर के पास रोलसाहबसर में मौजूदा दो लेन वाली सड़क को दुर्घटना के ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया था और दीर्घकालिक सुधार के भाग के रूप में, मौजूदा दो लेन वाली सड़क को सड़क प्रयोक्ता की सुविधा के लिए दोनों तरफ सर्विस रोड के साथ चार लेन में चौड़ा किया गया है।

जहां तक एनएच-52 पर फतेहपुर के पास हरसावा बड़ा में सड़क का संबंध है, यह स्थान दुर्घटना के लिए चिह्नित ब्लैक स्पॉट है और साइट पर सड़क चिह्नों, संकेतों, सड़क स्टड/सीमांकन, यातायात को कम करने के उपायों आदि जैसे अल्पकालिक सड़क सुरक्षा उपाय किए गए हैं। मौजूदा दो लेन सीकर-फतेहपुर (एनएच-52)-रतनगढ़ (एनएच-11) को चार लेन में अपग्रेड करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। एनएच खंड के डीपीआर और सड़क सुरक्षा ऑडिट के परिणाम के आधार पर, इस एनएच के उन्नयन उपायों पर आगे निर्णय लिया जाएगा और दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट के स्थायी सुधार के लिए सड़क ज्यामिति में सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का स्पॉट चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि जैसे दीर्घकालिक उपाय किए जाएंगे।

*****